**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (2023-2024)**

**हिंदी (ब) कोड संख्या 085**

**कक्षा - दसवीं**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

---

सामान्य निर्देश -

- इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं - 'अ, तथा 'ब'।
- खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के ही उत्तर दीजिए।
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढिए और उनका पालन कीजिए।
- दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।

**खंड - अ (वस्तुपरक प्रश्न)**

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए - (1x5=5)

इसरो ने चंद्रयान-3 अभियान को सफल बनाने के लिए जिस दक्षता का परिचय दिया, वह पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है। इस अभियान की बारीकियों में जाकर उसे सफल बनाने का जैसा काम किया, वैसा अन्य क्षेत्रों में भी इसलिए किया जाना चाहिए, क्योंकि कई बार निर्माण कार्यों की गुणवत्ता या फिर उनकी डिज़ाइन दोयम दर्ज़े की रहती है।

चंद्रयान-3 की सफलता के पीछे चंद्रयान-2 की असफलता से लिए गए सबक भी हैं। 2019 में जब चंद्रयान-2 अपना अभियान पूरा नहीं कर पाया था, तब देशवासियों को निराशा हुई थी। कुछ देशों के लोगों ने तो इसरो का मज़ाक उड़ाते हुए यहाँ तक कहा था कि भारत एक गरीब देश है

और उसे पहले अपनी बुनियादी समस्याओं को दूर करना चाहिए। यह भी कहा गया था कि आखिर भारत चाँद पर जाने का सपना ही क्यों देख रहा है? इसरो ने इन सभी आलोचकों के मुँह बंद कर दिए। इन आलोचकों को इस पर ध्यान देना चाहिए कि भारत एक ओर जहाँ गरीबी से पार पाने की हर संभव कोशिश कर रहा है, वहीं विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में भी अपने कदम तेज़ी से बढ़ा रहा है। वास्तव में यही वह उपाय है, जिससे वह आत्मनिर्भर बन सकता है। सरकार ने वर्तमान कालखंड को अमृतकाल का नाम दिया है और यह संकल्प लिया है कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है। (साभार - दैनिक जागरण)

(1) 'चंद्रयान-3 की सफलता के पीछे चंद्रयान-2 की असफलता से लिए गए सबक भी हैं' - कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए -

(i) असफलता से हम सीख लेते हैं।
(ii) असफलता हमें सोचने पर विवश करती है।
(iii) सफल होने के लिए असफलता आवश्यक है।
(iv) सफल होने के लिए गुणवत्ता आवश्यक नहीं है।

विकल्प

(A) कथन (i) सही है। (B) कथन (i) व (ii) सही है।
(C) कथन (ii) व (iii) सही है। (D) कथन (iii) व (iv) सही है।

(2) चंद्रयान-3 की सफलता में किसकी भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है?

(A) वैज्ञानिकों की (B) सरकार की (C) देशवासियों की (D) तकनीकी विशेषज्ञों की

(3) 'बुनियादी सुविधाओं' से क्या आशय है ?
(A) बिजली, पानी, सड़कें (B) स्कूल, कॉलेज, अस्पताल
(C) भोजन, कपड़ा, मकान (D) शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार

(4) 'इसरो ने इन सभी आलोचकों के मुँह बंद कर दिए' कथन से निष्कर्ष निकलता है - इसरो ने
(A) आशातीत सफलता प्राप्त की।
(B) अभियान पूरा नहीं किया।
(C) वर्तमान कालखंड को अमृतकाल कहा ।

(D) इस अभियान में किसी की नहीं सुनी।

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) – आत्मनिर्भर बनने के लिए अन्तरिक्ष के क्षेत्र में कदम बढ़ाना आवश्यक है।
कारण (R) – भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है।

(A) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(B) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(C) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(D) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए - (1x5=5)

राष्ट्रीय पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क 2023 में प्रस्तावित बदलाव स्कूली शिक्षा के स्वरूप और उसके द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण रचनात्मक, सुविचारित और सकारात्मक हैं। इसमें पहला सबसे महत्वपूर्ण बदलाव सीखने के कौशलों पर बल देना है। नए फ्रेमवर्क में इस बात पर बल है कि विद्यार्थी की न केवल ज्ञान में बढ़ोतरी हो बल्कि वह नया ज्ञान अर्जित करने के कौशल, ज्ञान को जीवन में लागू करने और सॉफ्ट स्किल्स व पेशेवर कौशल अर्जित करके समाज के लिए अधिक उपयोगी नागरिक बन सके। पाठ्यक्रम में विभिन्न मूल्यों पर भी बल दिया गया है। इनमें लोकतान्त्रिक मूल्यों का सम्मान, पर्यावरण की रक्षा, गरिमा, विविधता की सराहना, जीवदया, समानता आदि शामिल हैं। दूसरा महत्वपूर्ण बदलाव विद्यार्थियों को विषय चुनने में छूट देना है। विद्यार्थियों को सीखने की आज़ादी देने व उन्हें करियर में फँसे रहने की बजाय, अपनी रुचियों को आगे बढ़ाने की सुविधा दी गई है। तीसरा महत्वपूर्ण बदलाव सीखने में भाषाओं और उनमें भी भारतीय भाषाओं पर बल देना है। इस प्रस्ताव में भारतीय भाषाओं पर बल देने से एक तो विद्यार्थियों को अपनी भाषाएँ सीखने का अवसर मिलेगा, साथ ही भारत की अन्य भाषाओं को सीखने से उन्हें भारत से गहन परिचय प्राप्त करने में मदद मिलेगी। (साभार - अमर उजाला)

(1) गद्यांश की विषयवस्तु का आधार है -

(A) भारतीय भाषा
(B) विदेशी शिक्षा
(C) बाल केन्द्रित शिक्षा
(D) परंपरागत शिक्षण

(2) सीखने के कौशलों पर बल दिया जाना क्यों आवश्यक है?
(A) विदेशों से प्रतिस्पर्धा के लिए
(B) कौशल परिवर्तन के लिए
(C) सामाजिक लाभ के लिए
(D) व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए

(3) 'लोकतांत्रिक मूल्यों' से क्या अभिप्राय है ?
(A) लोगों के लिए आवश्यक मूल्य
(B) मूल्यपरक प्रश्नों को पूछना
(C) लोकतंत्र का महत्व बताना
(D) लोककथाओं को महत्व देना

(4) अपनी रुचि के अनुसार विषय चयन करने को महत्वपूर्ण बदलाव क्यों माना गया है ?
(A) विद्यालयी शिक्षा का उपयोग होगा
(B) विद्यार्थी रुचिपूर्ण तरीके से सीख सकेंगे
(C) बच्चों में मानसिक तनाव बढ़ रहा है
(D) परंपरागत रूप को बदलने के लिए

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) – सभी को भारतीय भाषाएँ सीखनी चाहिए।
कारण (R) – इससे विभिन्न संस्कृतियों का ज्ञान हो सकेगा।

(A) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(B) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(C) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(D) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

प्रश्न 3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)

(1) भौतिक जीवन से निराश मीरा ने घर-परिवार त्याग दिया।
वाक्य में रेखांकित पदबंध है -

(A) संज्ञा पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध

(C) विशेषण पदबंध (D) क्रिया पदबंध

(2) भीड़ की अधिकता के कारण पुलिस जुलूस को रोक नहीं सकी। - वाक्य में रेखांकित पदबंध है -

(A) सर्वनाम पदबंध (B) क्रिया पदबंध

(C) विशेषण पदबंध (D) अव्यय पदबंध

(3) खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर रात-भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं - वाक्य में विशेषण पदबंध है -

(A) खिड़की के बाहर (B) अब दोनों कबूतर रात-भर

(C) खामोश और उदास (D) बैठे रहते हैं

(4) कॉलम 1 कॉलम 2 के साथ सही मिलान कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए -

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | इसलिए सोना ही हमेशा आगे आता रहता था। | i | क्रियाविशेषण पदबंध |
| 2 | वहाँ तीन से अधिक आदमियों को प्रवेश नहीं दिया जाता था। | ii | संज्ञा पदबंध |
| 3 | वकील ने शिकायत की परवाह नहीं की उल्टा उसे भला-बुरा सुना दिया। | iii | क्रिया पदबंध |
| 4 | बाइबिल और दूसरे पावन ग्रंथों में नूह नाम के एक पैगंबर का ज़िक्र मिलता है। | iv | विशेषण पदबंध |

(A) 1-(i), 2-(iii), 3-(iv), 4-(ii) (B) 1-(ii), 2-(i), 3-(iv), 4-(iii)

(C) 1-(iii), 2-(iv), 3-(i), 4-(ii) (D) 1-(i), 2-(iv), 3-(iii), 4-(ii)

(5) मेरे और उनके बीच में केवल दो साल का अंतर रह गया था। - वाक्य में सर्वनाम पदबंध है -

(A) मेरे और उनके बीच (B) केवल दो साल का

(C) रह गया था (D) मेरे और उनके

प्रश्न 4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)

(1) 'उन्हें दुनिया का हमसे ज़्यादा तजुरबा है और रहेगा।' - रचना के आधार पर वाक्य-भेद है -

(A) मिश्र वाक्य (B) सरल वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य (D) संयुक्त एवं सरल वाक्य

(2) 'ठीक चार बजकर दस मिनट पर सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए।' - वाक्य का मिश्र रूप नहीं होगा -

(A) जैसे ही चार बजकर दस मिनट हुए, सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए।

(B) जब चार बजकर दस मिनट हुए, सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए।

(C) ठीक चार बजकर दस मिनट हुए और सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए।

(D) ठीक चार बजकर दस मिनट पर मानो सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए।

(3) निम्नलिखित में से उपयुक्त मिश्र वाक्य छाँटिए -

(A) तभी कहीं पास से उसे मधुर गीत गूँजता सुनाई दिया।

(B) शैलेंद्र ने राजकपूर जैसे स्टार को 'हीरामन' बना दिया।

(C) कलकत्ता में आज तक इतनी स्त्रियाँ एक साथ गिरफ़्तार नहीं की गईं।

(D) नतीज़ा सुनाया गया, तो वह रो पड़े।

(4) 'संसार की रचना भले ही कैसे ही हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं है।' रचना के आधार पर वाक्य-भेद है -

(A) संयुक्त वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) सरल वाक्य (D) सरल एवं संयुक्त वाक्य

(5) निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटिए -

(A) वर्सोवा में जहाँ आज मेरा घर है, पहले यहाँ दूर तक जंगल था।
(B) शुद्ध सोना अलग है और गिन्नी का सोना अलग।
(C) वैसे भी दिमाग की रफ़्तार हमेशा तेज़ ही रहती है।
(D) अब वह भी मजे करता है और हम भी।

प्रश्न 5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)

(1) 'गजराज' - समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है?

(A) तत्पुरुष समास
(B) द्विगु समास
(C) अव्ययीभाव समास
(D) बहुव्रीहि समास

(2) 'आजीवन' - समस्तपद का विग्रह है -

(A) जीवन भर
(B) बिना जीवन के
(C) आगामी जीवन
(D) जीवन के साथ

(3) कॉलम 1 कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए -

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | अस्थिजाल | i | अव्ययीभाव समास |
| 2 | दृग-सुमन | ii | द्वंद्व समास |
| 3 | सुबह-शाम | iii | तत्पुरुष समास |
| 4 | बेघर | iv | कर्मधारय समास |

(A) 1-(iii), 2-(iv), 3-(ii), 4-(i)
(B) 1-(i), 2-(iv), 3-(ii), 4-(iii)

(C) 1-(iii), 2-(iv), 3-(i), 4-(ii)
(D) 1-(i), 2-(iii), 3-(iv), 4-(ii)

(4) 'उच्चाकांक्षा' - समस्तपद कौन से-समास का उदाहरण है?

(A) तत्पुरुष समास (B) द्विगु समास
(C) कर्मधारय समास (D) द्वंद्व समास

(5) 'दीनबंधु' - समस्तपद का विग्रह है -

(A) दीन है जो बंधु (B) दीन का बंधु है जो
(C) दीन का बंधु (D) दीन के लिए बंधु

प्रश्न 6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)

(1) सैनिकों, शत्रु का सामना करने के लिए ................लो ।
रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए -

(A) हथियार उठा (B) सामान बाँध
(C) सर से कफ़न बाँध (D) आवाज़ उठा

(2) रेखांकित अंश के लिए कौन-सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?
वह व्यापार करने के योग्य नहीं है क्योंकि उसे <u>अधिक मुनाफा कमाना</u> नहीं आता।

(A) पाँच से दस बनाना (B) दो से चार बनाना
(C) तीन से छह बनाना (D) एक से दो बनाना

(3) 'किसी को धोखा देना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है -

(A) आँखों से बोलना (B) आड़े हाथों लेना
(C) काम तमाम कर देना (D) आँखों में धूल झोंकना

(4) अभी तो बहुत मज़े कर रहे हो, जब वार्षिक परीक्षाएँ आएँगी तो ................. जाएगा।

(A) दाँतों पसीना आ (B) आटे-दाल का भाव मालूम हो
(C) दिमाग चक्कर खाने लग (D) आँधी रोग हो

(5) 'नज़र पड़ना' मुहावरे का अर्थ है -

(A) कुछ दिखाई देना (B) अचानक दिखाई देना
(C) कुछ समझ आना (D) अचानक छुप जाना

(6) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए -

(A) आवाज़ उठाना - विरोध करना (B) ख़ून जलाना - थक जाना
(C) चेहरा मुरझाना - दुखी होना (D) जान बख्क्ष देना- जाने देना

प्रश्न 7. निम्नलिखित पदयांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए- (1x5=5)

विपदाओं से मुझे बचाओ, यह मेरी प्रार्थना नहीं
केवल इतना हो (करुणामय)
कभी न विपदा में पाऊँ भय।
दुख-ताप से व्यथित चित्त को न दो सांत्वना नहीं सही
पर इतना होवे (करुणामय)
दुख को मैं कर सकूँ सदा जय।
कोई कहीं सहायक न मिले
तो अपना बल पौरुष न हिले;
हानि उठानी पड़े जगत में लाभ अगर वंचना रही
तो भी मन में न मानूँ क्षय।।

(1) कवि विपदाओं से अपने आप को बचाने का आग्रह क्यों नहीं करता ?

(A) ईश्वर पर भरोसा न होने के कारण
(B) शत्रु नहीं होने के कारण
(C) अपने पुरुषार्थ पर भरोसा होने के कारण
(D) अपने को साहसी मनाने के कारण

(2) 'दुख-ताप से व्यथित चित्त' - में 'दुख-ताप' से क्या अभिप्राय है ?
(A) कष्ट-पीड़ा (B) मानसिक-शारीरिक दुख
(C) भावनात्मक और शारीरिक दुख (D) आंतरिक और बाहय दुख

(3) कवि के अनुसार दुख पर जय कैसे की जा सकती है ?

(A) ईश्वर की कृपा से (B) अपने आत्मबल से
(C) ईश्वर की प्रार्थना से (D) दुखों का सामना करके

(4) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन - विपदाओं को दूर करने की प्रार्थना ईश्वर से नहीं करनी चाहिए।

कारण - सुख-दुख जीवन में आते-जाते रहते हैं।

(A) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(B) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(C) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(D) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(5) पदयांश में कौन सा जीवन-कौशल निहित है -

(A) हानि-लाभ में विचलित न होना (B) अपने पुरुषार्थ पर विश्वास रखना
(C) किसी की सहायता न लेना (D) विपदाओं से बचने की प्रार्थना न करना

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए- (1x2=2)

(1) 'कंपनी बाग के मुहाने पर धर रखी गई है यह 1857 की तोप' पंक्ति में 'धर' से क्या अभिप्राय है ?

(A) संभालना (B) लाना

(C) धरोहर (D) रखना

(2) 'कर चले हम फ़िदा' कविता किसे संबोधित करके लिखी गई है ?

(A) देशवासियों को (B) नौजवानों को

(C) जनता को (D) सैनिकों को

प्रश्न 9. निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए- (1x5=5)

वह स्वभाव से ही बड़े अध्ययनशील थे। हरदम किताब खोले बैठे रहते और शायद दिमाग को आराम देने के लिए कभी कॉपी पर, किताब के हाशियों पर चिड़ियों, कुत्तों, बिल्लियों की तस्वीरें बनाया करते थे। कभी-कभी एक ही नाम या शब्द या वाक्य दस-बीस बार लिख डालते। कभी एक शेर को बार-बार सुंदर अक्षरों में नकल करते। कभी ऐसी शब्द-रचना करते जिसमें न कोई अर्थ होता न सामंजस्य। मसलन एक बार मैंने उनकी कॉपी पर यह इबारत देखी - स्पेशल, अमीना, भाइयों-भाइयों, दरअसल, भाई-भाई। राधेश्याम, श्रीयुत राधेश्याम, एक घंटे तक - इसके बाद एक आदमी का चेहरा बना हुआ था। मैंने बहुत चेष्टा की कि इस पहेली का कोई अर्थ निकालूँ, लेकिन असफल रहा। और उनसे पूछने का साहस न हुआ। वह नौवीं जमात में थे, मैं पाँचवीं में। उनकी रचनाओं को समझना मेरे लिए छोटा मुँह बड़ी बात थी।

(1) छोटा भाई बड़े भाई की रचनाओं को क्यों समझना चाहता था ?

(A) उत्सुकतावश (B) जिज्ञासावश

(C) सीखने के लिए (D) समझने के लिए

(2) बड़े भाई साहब हरदम किताब खोले क्यों बैठे रहते थे ?

(A) अध्ययनशील होने के कारण (B) परिश्रमी होने के कारण

(C) कुछ नहीं समझ आने के कारण (D) उदाहरण स्थापित करने के कारण

(3) उनकी शब्द रचना में सामंजस्य क्यों नहीं था ?

(A) विचारों में अस्थिरता (B) शब्द संरचना का अभाव

(C) उद्देश्यहीनता (D) समय बिताने के लिए

(4) 'एक बार मैंने उनकी कॉपी पर यह इबारत देखी' - इस पंक्ति में 'इबारत' का अर्थ है -

(A) शेर (B) विचार

(C) तथ्य (D) लेख

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन - भाई साहब स्वभाव से ही बड़े अध्ययनशील थे।
कारण - वे हरदम किताबें पढ़ते रहते थे।

(A) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(B) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(C) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(D) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-(1x2=2)

(1) निम्नलिखित में से कौन-सा/से वाक्य 'झेन की देन' से मेल खाता है/खाते हैं ?
(i) बौद्ध दर्शन में वर्णित ध्यान की पद्धति की याद दिलाता है।
(ii) उन लोगों की याद दिलाता है जो जगत को जीने योग्य बनाए हुए हैं।
(iii) जीना किसे कहते हैं, उस दिन मालूम हुआ।
(iv) नेचर की सहनशक्ति की एक सीमा होती है।

(A) केवल (i) (B) (i) और (ii)

(C) (i) और (iii) (D) (iii) और (iv)

(2) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और उपयुक्त कथन चुनिए -

(A) आदर्श को व्यवहार में प्रयोग करना ही शुद्ध सोने में ताँबा मिलाना है ।
(B) व्यवहार को आदर्श तक ले जाना ही शुद्ध सोने में ताँबा मिलाना है ।
(C) लाभ-हानि का हिसाब लगाए बिना आदर्शों पर चलना ताँबे में सोना मिलाना है।
(D) व्यवहारवादी लोग ही शुद्ध सोने में ताँबा मिलाते हैं।

## खंड – ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए -
(3x2=6)

(1) 'डायरी का एक पन्ना' के सुभाष बाबू और 'कारतूस' के वज़ीर अली की देशभक्ति का तुलनात्मक विश्लेषण कीजिए।

(2) जो सामाजिक हित के लिए अपने व्यक्तिगत प्रेम का यहाँ तक कि अपने जीवन का बलिदान देता है, समाज न केवल उसको याद रखता है बल्कि उसके बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देता। 'तताँरा-वामीरो कथा' कहानी के आधार पर कथन की समीक्षा कीजिए।

(3) 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' कहानी में मनुष्य के बढ़ते स्वार्थ एवं लालच से पर्यावरण एवं पशु-पक्षियों पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को बताया गया है। कथन की विवेचना कीजिए ।

प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (3x2=6)

(1) कबीर और मैथिलीशरण गुप्त ने मनुष्य होने के लिए मनुष्यता का होना अनिवार्य माना है, कैसे**?**

(2) एक विद्यार्थी भी सैनिक की तरह ही होता है। सैनिक से प्रेरित होकर आप अपनी ज़िम्मेदारियों और चुनौतियों का निर्वाह कैसे करेंगे **?**

(3) वर्षा ऋतु में प्रकृति के पल-पल बदलते सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

प्रश्न 13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (3x2=6)

(1) 'हरिहर काका' की जैसी स्थिति समाज में अनेक बुजुर्गों की है। आपके विचार से इन स्थितियों का जिम्मेदार कौन है और कैसे**?** उचित उदाहरणों से स्पष्ट कीजिए।

(2) 'सपनों के-से दिन' में लेखक ने स्कूल के साथ-साथ द्वितीय विश्व के बारे में चर्चा क्यों की होगी? उचित तर्कों द्वारा स्पष्ट कीजिए।

(3) अँग्रेजी साहित्य के मास्टर साहब ने कहा, "तीन बरस से यही किताब पढ़ रहे हो, तुम्हें तो सारे जवाब ज़बानी याद हो गए होंगे। इन लड़कों को अगले साल हाई स्कूल का इम्तहान देना है। तुमसे पारसाल पूछ लूँगा। कथन पर टिप्पणी कीजिए।

प्रश्न 14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत- बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए - (5x1=5)

(1) **जी-20 शिखर सम्मेलन**

- आवश्यकता
- महत्व
- भारत पर प्रभाव

**(2) बाढ़ एक प्राकृतिक आपदा**

- क्या है
- क्यों
- प्रभाव

**(3) मेरी अन्तरिक्ष यात्रा**

- क्या है
- विस्तार
- समापन

प्रश्न 15. (1) आप सौम्य / सौम्या हैं। अपने विद्यालय की अटल प्रयोगशाला के लिए आधुनिक उपकरण मँगवाने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए जिससे विद्यार्थी विज्ञान के क्षेत्र में नए-नए प्रयोग कर सकें । (शब्द-सीमा लगभग 100 शब्द) (5x1=5)

**अथवा**

(2) आप ए-64, कृष्णा नगर, दिल्ली निवासी अजय /अजया हैं। सरकार की 'जन धन योजना' पर अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

(शब्द-सीमा लगभग 100 शब्द)

प्रश्न 16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए -

(4x1=4)

**(1)** आप अपने स्कूल के विद्यार्थी परिषद के खेल सचिव हैं। विद्यालय में होने वाले 'खेल दिवस' पर आयोजित होनेवाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के विषय में सभी विद्यार्थियों को जानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

**अथवा**

**(2)** आपके क्षेत्र में विभिन्न आयु वर्ग वर्ष के बच्चों के लिए 'सांस्कृतिक मेले' का आयोजन किया जा रहा है। जन कल्याण संगठन का अध्यक्ष होने के नाते सभी क्षेत्रवासियों को इसकी जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए।

प्रश्न 17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए - (3x1=3)

**(1)** आपके इलाके में एक नई इलेक्ट्रोनिक की दुकान खुली है। इसके प्रचार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) 'रक्तदान शिविर' के प्रचार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न 18. (1) 'उड़न तश्तरी' विषय पर लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। (5x1=5)

**अथवा**

(2) आप रोहन/रम्या हैं। आवारा पशुओं के कारण होने वाली समस्याओं की जानकारी देते हुए नगर निगम अधिकारी को ई-मेल लिखिए। (शब्द-सीमा लगभग 100 शब्द)